# रातों रात बदली गई लाइन सवालों के घेरे में

## सिवनी बिजली विभाग का घोटाला, क्या होगी एफआईआर, बिना इस्टीमेट और अनुमति के हुआ खेल

**सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड सिवनी इन दिनों भ्रष्टाचार और गंभीर लापरवाही के एक ऐसे दलदल में फंसती नजर आ रही है, जहां से निकलने का रास्ता अब सीधे थाने की ओर जाता दिख रहा है जिले में बिना विभागीय अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया के पुराने विद्युत विस्तार कार्य को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने का एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामला केवल विभागीय लापरवाही का नहीं बल्कि सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर और जनहानि की साजिश का भी बनता दिख रहा है, जिसे लेकर अब संबंधित ठेकेदार और संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग उठने लगी है**

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जब इस खेल की भनक मीडिया को लगी तो हड़कंप मच गया खबर प्रकाशित होने और पोल खुलने के डर से कथित रूप से रातों-रात भारी संख्या में मजदूरों को बुलाकर बिजली ढांचे में फिर से फेरबदल किया गया सूत्रों के मुताबिक यह जोखिमभरा काम उस वक्त किया गया जब ग्रामीण गहरी नींद में थे सवाल यह उठता है कि यदि इस अवैध और आनन-फानन में किए गए कार्य के दौरान बिजली सप्लाई चालू हो जाती और कोई बड़ा हादसा हो जाता तो मासूमों की मौत का जिम्मेदार कौन होता क्या यह सीधे तौर पर गैर-इरादतन हत्या के प्रयास और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का आपराधिक मामला नहीं है इस्टीमेट गायब तो कहां से टपक गई प्रोजेक्ट आईडी और प्रोजेक्ट नंबर

जब इस संबंध में सहायक अभियंता से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने इस पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया लेकिन तकनीकी और कानूनी पेंच यहीं फंसता है विभाग का कहना है कि इस कार्य का कोई आधिकारिक इस्टीमेट प्राकलन तैयार ही नहीं हुआ था सीधा सवाल अगर विभाग के सिस्टम में कोई इस्टीमेट ही नहीं बना तो फिर सरकारी रिकॉर्ड में प्रोजेक्ट आईडी 5316365 और प्रोजेक्ट नंबर- 991058 कहां से और किसके लॉगिन से जारी हो गए क्या सरकारी सिस्टम को हैक किया गया या फिर उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। बिना इस्टीमेट के प्रोजेक्ट आईडी का जेनरेट होना सीधे तौर पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) / IPC की धारा के तहत धोखाधड़ी और सरकारी दस्तावेजों में कूटरचना के दायरे में आता है जिसके लिए सीधे एफआईआर का प्रावधान है।

### प्रभावशाली ठेकेदार को बचाने लिखी गई स्क्रिप्ट

बिजली विभाग के गलियारों में अब यह चर्चा जोरों पर है कि किसी रसूखदार और प्रभावशाली ठेकेदार को बचाने के लिए पूरे मामले को दबाने की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है लेकिन इस बार मामला दबेगा नहीं सूत्रों का दावा है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। वर्ष 2023 में भी इसी तरह की गंभीर वित्तीय और तकनीकी अनियमितताएं की गई थीं जिसके पुख्ता और प्रमाणित दस्तावेज हाथ लग चुके हैं सिवनी से लेकर जबलपुर और भोपाल में बैठे ऊर्जा विभाग के आला अफसरों और विजिलेंस टीम तक ये प्रमाणित दस्तावेज भेजे जा रहे हैं, ताकि मामले में केवल विभागीय जांच न हो बल्कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ या स्थानीय पुलिस में क्रिमिनल केस दर्ज हो इन धाराओं में घिर सकते हैं जिम्मेदार कानूनी जानकारों के मुताबिक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होने पर निम्नलिखित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हो सकता है।

### 2023 के काले कारनामे भी आएंगे सामने

सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग और धोखाधड़ी सरकारी सिस्टम में बिना इस्टीमेट एंट्री करना साजिश के तहत सबूत मिटाना रात के अंधेरे में रातों-रात ढांचे को दोबारा बदलना मानव जीवन को खतरे में डालना बिना शटडाउन या सुरक्षा मानकों के रात में काम कराना अब सीधे कार्रवाई पर नजर ऊर्जा विभाग और जिला प्रशासन के सामने अब यह सबसे बड़ा सवाल है कि क्या वे अपने दागी अफसरों और ठेकेदार पर मेहरबान रहेंगे या फिर इस महाघोटाले पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराएंगे यदि विभाग अनजान था तो रात में किसके आदेश पर लाइन बदली गई इन तीखे सवालों के जवाब देने से सिवनी का बिजली विभाग कब तक बचेगा। मौजूद प्रमाणित दस्तावेज जल्द ही कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे।

# बिना प्रोटोकॉल पुल के लोकार्पण पर भड़के केवलारी विधायक

**पूर्व विधायक राकेश पाल की कार्रवाई को बताया मनमानी**





**छपारा नवभारत।** विकास खंड के भीमगढ़ रोड पर नवनिर्मित बहुप्रतीक्षित पुल के लोकार्पण को लेकर क्षेत्रीय राजनीति में गरमाहट आ गई है। विगत 1 जून को पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा स्थानीय लोगों और बाजे-गाजे के साथ पुल पर पहुंचकर फीता काटने की घटना पर वर्तमान केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। वर्तमान विधायक ने इस कृत्य पर अपनी गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे सरासर अपनी मनमानी करार दिया है।

### संविधान और प्रशासनिक नियमों की अवहेलना का आरोप

विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह कृत्य संविधान की अवहेलना करते हुए उसके विपरीत जाकर किया गया है। बगैर किसी प्रशासनिक निर्देश और अधिकारियों की उपस्थिति के इस तरह पुल का लोकार्पण किया जाना पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह पुल सरकारी राशि से बना है, न कि किसी की निजी राशि से। बिना किसी तय प्रोटोकॉल के लोकार्पण करने का अधिकार उन्हें किसने दिया?

### सांसद और कलेक्टर भी जानकारी से अनजान

मामले की गंभीरता को देखते हुए केवलारी विधायक ने उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भी इस संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि जब इस विषय पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और जिला कलेक्टर से बात की गई, तो उन्होंने भी इस तरह के किसी भी आधिकारिक लोकार्पण कार्यक्रम की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया। बगैर सरकारी अनुमति और प्रोटोकॉल के हुए इस औचक लोकार्पण ने अब क्षेत्र में एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2020 के अगस्त माह में भीषण बारिश होने से संजय सरोवर बांध भीमगढ बांध के गेटों से पानी की निकासी बड़ी मात्रा में हुई जिसमें भीमगढ में बना पुल बुरी तरह पानी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो डह गया वहीं वर्ष 2023 में तत्कालीन विधानसभा केवलारी भाजपा विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा उक्त पुल पर भूमि पूजन किया गया और तीन वर्ष के लंबे अंतराल के बाद पुल पुनः बन पाया परंतु वर्तमान में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित कांग्रेस विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह हैं और लगभग 5 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः पुल नवनिर्मित हुआ तो पूर्व क्षेत्रीय विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा बाजे-गाजे के साथ क्षेत्रीय भाजपा मंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भीमगढ स्थित नवनिर्मित पुल पर फीता काट दिया।

### यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026 में आयोजित की जाने वाली कामाख्या तीर्थ यात्रा हेतु सिवनी जिले को 196 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यह यात्रा 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी।

## एक नजर में



### सरपंच के प्रयास से श्मशान भूमि से हटा अतिक्रमण

कुरई। तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत कलबोड़ी में सरपंच के विशेष प्रयासों से श्मशान मद की 0.30 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया। इस कार्रवाई में तहसील प्रशासन का विशेष सहयोग मिला। जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी अवलेश कुमार डहरवाल द्वारा अतिक्रमण की रिपोर्ट तहसीलदार कुरई को सौंपी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सरपंच के विशेष प्रयास से सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्राम कोटवार देवानंद गजभिए और लोकल यूथ नीरज वर्मा मौके पर उपस्थित रहे। पंचायत कर्मचारी राकेश चंदेल द्वारा जेसीबी मशीन मंगाकर कब्जा हटाया गया। सरपंच द्वारा किए गए इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटने से अब अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को जगह मिल सकेगी।

### स्कूटी सवार गिरकर हुआ चोटिल



छपारा। नगर से 6 किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम घुनई में मंडला जिले से लखनादौन जा रहा स्कूटी सवार युवक अचानक अन्य वाहन द्वारा कट मारने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया घटना 2 जून सुबह लगभग 8.30 बजे की बताई जा रही है जब आशु झारिया उम्र 25 वर्ष ग्राम चाबी मोहगांव जिला मंडला निवासी अकेले स्कूटी से लखनादौन जा रहा था उसी दौरान एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम घुनई ग्राम पहुंचा सड़क के ग्राम देवगांव चौराहा पर किसी अज्ञात वाहन ने कट मारा और वह सड़क किनारे गिर गया घायल हो मौके पर उपस्थित जनों ने उठाकर समीप स्थित यात्री प्रतीक्षालय में ले जाया गया एवं छपारा पुलिस थाना एवं छपारा 108 को तत्काल सूचित किया गया जिसपर दोनों वाहन मौके पर पहुंच वहीं घायल युवक को छपारा 108 वाहन ने समीप नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा घायल को भर्ती कर उपचार किया

### जिले में आईटीआई प्रवेश सत्र हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**सिवनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई संस्थाओं में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 26 मई 2026 से प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल स्र्ह्यस्र.द्वश्च.द्दश्1.द्वद्व पर स्वयं, किसी ऑनलाइन सहायता केंद्र अथवा निकटतम शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन उपरांत अभ्यर्थी 01 जून 2026 से अपनी इच्छानुसार संस्था एवं व्यवसाय (ट्रेड) का चयन कर सकेंगे। शासकीय आईटीआई सिवनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एनसीवीटी), इलेक्ट्रिशियन (एनसीवीटी), डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर (एनसीवीटी), स्टेनो हिन्दी (एनसीवीटी), वुड वर्क टेक्निशियन (एनसीवीटी), मैकेनिक मोटर व्हीकल (एनसीवीटी), वेल्डर (एनसीवीटी), ड्राफ्ट्समैन सिविल (एनसीवीटी), मैकेनिक डीजल (एनसीवीटी), फिटर (एनसीवीटी), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनसीवीटी), मशीनिस्ट (एससीवीटी) एवं टर्नर (एससीवीटी) व्यवसाय संचालित हैं। संस्थान में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित की गई है। अधिकांश व्यवसायों के लिए शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है। वहीं वुड वर्क टेक्निशियन (कारपेंटर) एवं वेल्डर व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है।



# भीषण सड़क हादसे में 2 की मौत, 6 गंभीर

**सिवनी नवभारत।** जिले के धनौरा थाना अंतर्गत थावरी गांव के पास भीषण सड़क हादसे में दो लोगो की घटना स्थल पर मौत वही लगभग 6 लोगों को आई गंभीर चोट पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी। परिजनों ने बताया कि पूर्व सरपंच अपने परिवार के साथ अपने बेटी के यह एक सामाजिक कार्यक्रम में जा रहे थे वही प्रदीप इनवाती जो कि हमाली का काम करता है जो प्रति दिन की तरह हमाली के काम मे धनौरा सोसाइटी आ रहे थे तभी कहानी पलारी मार्ग में ग्राम थावरी के पास आमने सामने से दो पहिया वाहनों की टक्कर हुई वही पीछे से आ रही अन्य वाहन भी टक्कर की चपेट में आने से भीषण हादसे में धनौरा जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ग्वारी के पूर्व सरपंच सुभान और लखनादौन थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मठदेवरी निवासी प्रदीप इनवाती की घटना स्थल में ही मृत्यु हो गई थी वही अन्य लोगो को गभीर चोट आने से तत्काल जबलपुर रेफर किया गया। मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# बरघाट मुख्य सड़क चौड़ीकरण को लेकर डीपीआर संशोधन की मांग तेज



**सिवनी नवभारत।** बरघाट नगर की मुख्य सड़क के प्रस्तावित चौड़ीकरण को लेकर स्थानीय नागरिकों और विकास मोर्चा बरघाट ने शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान डीपीआर में संशोधन की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान प्रस्ताव में मात्र 4 फीट डिवाइडर और दोनों ओर 23-23 फीट सड़क का प्रावधान किया गया है, जो भविष्य की यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है।

ज्ञापन में 6 फीट डिवाइडर, दोनों ओर 9-9 फीट फुटपाथ, 5-5 फीट नाली तथा 28-28 फीट चौड़ी सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखते हुए पूरे सड़क क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई है। नागरिकों का कहना है कि बरघाट की मुख्य सड़क पर प्रतिदिन हजारों लोगों और भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की समस्या लगातार बढ़ रही है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश पर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया गया था, जिससे पर्याप्त चौड़ाई उपलब्ध हुई थी, लेकिन समय के साथ दोबारा अतिक्रमण बढ़ने से सड़क चौड़ीकरण का मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा है।

विकास मोर्चा और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण की योजना को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से तैयार कर नगर के आगामी विकास, यातायात सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संशोधित डीपीआर लागू की जाए।

# पीएम श्री कन्या विद्यालय बरघाट में समर कैंप का समापन




**बरघाट नवभारत।** नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय बरघाट में 1 मई से 1 जून 2026तक आयोजित समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के क्रीड़ा प्रभारी आशीष दीक्षित ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार, एवम जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे के मार्गदर्शन तथा खेल एवम युवा कल्याण विभाग के सहयोग से पी एम श्री विद्यालय केम्पस में आयोजित

समर केम्प में खेल क्रिकेट, कबड्डी, पिट्ठू,बेडमिंटन, टेबल टेनिस योगा के अलावा विभिन्न गतिविधियों में विशेषज्ञों द्वारा रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया गया जिसमे पेंटिंग में श्रीमती प्रीति राहंगडाले, आर्ट एंड क्राफ्ट में श्रीमती वीना मेश्राम,मेहंदी में श्रीमती ऋतु उईके, संगीत में अंकित गौतम, और योग में विलास चकोले,परसराम देशमुख,नम्रता मेश्राम,श्रीमती खिलेश्वरी पटले, कु सीता मसराम द्वारा प्रतिभागियों को निखारने में अपनी भूमिका निभाई।संस्था के पी एम श्री प्रभारी श्री अनिल अवधवाल द्वारा बच्चो को प्रोत्साहित किया गया।

समर कैंप में बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर बच्चों को बिस्किट एवं फल वितरित किए गए तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही टेबल टेनिस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बरघाट नगर का नाम गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष आदरणीया श्रीमती इमरता साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं एल्डरमैन राजेंद्र सिंह ठाकुर ,नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पाठक, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक नरेश राजपूत , जिला चिकित्सालय सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि सुजीत सूर्यवंशी,धारना भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तजेंद्र कटरे, एवं स्वयंसेवक चुन्नीलाल,क्रीड़ा शिक्षक संदीप मिश्रा की उपस्थिति रही। इस समर कैंप को सफलतापूर्वक संचालित एवं संपन्न कराने में खेल शिक्षक आशीष दीक्षित एवं खेल समन्वयक श्रीमती रुचि देशमुख का योगदान अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक रहा।



# सिवनी सहित 30 जिलों की महिलाएं जुटीं पतंजलि योग सम्मेलन में

**सिवनी नवभारत।** महिला पतंजलि योग समिति का भव्य सम्मेलन एवं योग सेमिनार सिवनी में आयोजित हुआ।कार्यक्रम में प्रदेश के 30 जिलों से आई महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया और योगाभ्यास के साथ स्वास्थ्य व महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला पतंजलि योग समिति की केंद्रीय प्रभारी डॉ. साध्वी देवप्रिया दीदी जी उपस्थित रहीं। वहीं भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह भी विशेष रूप से पहुंचे। दोनों अतिथियों द्वारा सिवनी की महिला पतंजलि योग समिति की पूरी टीम को उनके योगदान और सक्रियता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. साध्वी देवप्रिया दीदी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर परिवार और समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में आगे आना चाहिए।

डॉ. एमपी सिंह ने शिक्षा और योग को जोड़ते हुए महिलाओं से संस्कार व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। सेमिनार में प्राणायाम, आसन और ध्यान के सत्र हुए। सभी प्रतिभागी महिलाओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर लोगों को संदेश दिया।

### कतिया समाज के प्रतिनिधियों ने किया ग्रामीण क्षेत्र में दौरा

**सिवनी नवभारत।** कतिया समाज समिति शाखा सिवनी पंजीयन 10277 के पदाधिकारी और सदस्य अध्यक्ष कृष्णाकुमार डोंगरे,नगर अध्यक्ष दयाराम उर्फ बबलू कौशले,कोषाध्यक्ष डी डी नाग, उपाध्यक्ष शिव भारद्वाज , विशाल नागोत्रा, लकी ग्यारसिया द्वारा ग्राम बिनेकी मरकावाडा , चिरचिरा, देवघाट , धनोरा , कहानी ,मेहता , होते ग्राम छुई, छुटका ,कान्हीवाड़ा, कामता में भ्रमण कर सामाजिक बंधुओं से मिलकर कुशलता हाल चाल जाना समस्या की भी जानकारी लिया गया भ्रमण के दौरान सामाजिक बंधुओं में बहुत ही उत्साह मिला । संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा किए जिससे सभी का उत्साहवर्धन हुआ भ्रमण संतोषप्रद रहा ग्रामीणों द्वारा सामाजिक बंधुओं से संपर्क नियमित बनाए रखने हेतु बल दिए । जिन्हें कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर संपर्क करने हेतु मोबाइल नंबर नोट कराया गया है ।

**आरोप** — समय सीमा पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने से प्राचार्य पर भारी वित्तीय अनियमितता किए जाने के लग रहे गंभीर आरोप

# सूचना के अधिकार के तहत चाही गई जानकारी देने से बच रहे प्राचार्य

**गणेशगंज नवभारत।** लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या हाई स्कूल तथा हाई स्कूलों में सूचना के अधिकार के तहत चाही गई जानकारी 30 दिनों से अधिक का समय हो जाने के बावजूद अब तक न ही आवेदन का जवाब दिया गया और न ही चाही गई जानकारी समय सीमा के भीतर आवेदक को उपलब्ध कराई गई। जिससे अब विभिन्न स्कूल प्रशासन पर गंभीर अनियमितता किए जाने के आरोप लगाए देखें जा सकते हैं।

### आवेदक द्वारा यहां लगाई गई आरटीआई

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाम्हनवाड़ा, शासकीय कन्या हाई स्कूल गणेशगंज तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल जोगीगुफा में बाय पोस्ट के माध्यम से दिनांक 09/04/26 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आरटीआई लगाई गई थी। जिसमें विगत वर्षों में विभिन्न मदों से प्राप्त आय तथा व्यय के बिल बाउचर की प्रमाणित छायाप्रति व सभी रिकॉर्ड की जानकारी चाही गई थी।

### आवदेन प्राप्त कर, नहीं दिया कोई जवाब

आवेदक द्वारा बताया गया आवेदन किए जाने के उपरांत सभी स्कूलों में 17/04/26 तक आवेदन प्राप्त कर लिए गए परंतु आज दिनांक तक किसी भी स्कूलों के जिम्मेदारों ने प्राप्त आवेदन पत्र का न जवाब देना उचित समझा और न ही किसी भी तरह से चाही गई जानकारी उपलब्ध कराई ।




जबकि आरटीआई अधिनियम के अनुसार किसी भी शासकीय कार्यालय अथवा संस्था को 30 दिवस के भीतर जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। समय सीमा के भीतर जानकारी न देना अधिनियम का उल्लंघन माना जाता है। उपरोक्त मामले को लेकर आवेदक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि स्कूल प्रशासन द्वारा शीघ्र जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो प्रथम अपील तथा उच्च अधिकारियों के समक्ष संबधित स्कूलों की शिकायत प्रस्तुत की

# एक माह से बीएसएनएल सेवा ठप्प

**धारनाकला नवभारत।** बरघाट विकास खंड के अन्तर्गत आने वाले अनेको ग्राम मे दूर संचार विभाग के आला अधिकारियो की निष्क्रियता के चलते उपभोक्ताओ को बी एस एन एल सेवा का लाभ नही मिल पा रहा है इस सम्बन्ध मे अनेको बार दूर संचार विभाग मे बैठे आला अधिकारियो को अवगत कराने के बाद भी उनके कानो मे जू तक नही रेग रही है

### शो पीस बनकर रह गया है टावर

धारनाकला मे लगा बी एस एन एल टावर एक माह से ज्यादा का समय बीत गया है तकनीकी खराबियो के चलते बन्द पडा है किन्तु विभागीय अधिकारियो को इस तकनीकी खराबी को सुधारने तक का समय नही अनेको बार इस सम्बन्ध मे शिकायत की जा चुकी है किन्तु एक माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी बस यही जवाब मिलता है की छिंदवाड़ा से सामान आने वाला है वैसे तो धारनाकला मे उप भोक्ताओ को टू जी सेवा का ही लाभ मिल रहा है फोर जी सेवा की उम्मीद मे अनेको उपभोक्ता बी एस एन एल से जुड चुके है चूकि निजि कंपनिया के महंगे रिचार्ज के चलते लोगो का रूझान इस ओर गया था किन्तु विभागीय अधिकारियो की निष्क्रिय कार्य प्रणाली के चलते एक बार फिर निजि कंपनियो को लाभ पहूचाने की मंशा स्पस्ट उजागर हो रही है यही कारण है की उपभोक्ताओ को फोर जी सेवा तो दूर टू जी सेवा का तक लाभ नही मिल पा रहा है .

# 50 से अधिक कूडो खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा भी हुए सम्मानित**



**सिवनी नवभारत।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 के अंतर्गत 1 मई से 31 मई 2026 तक श्री महावीर व्यायामशाला, नेहरू रोड सिवनी में कूडो खेल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शिविर में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर कूडो की विभिन्न तकनीकों, आत्मरक्षा कौशल एवं शारीरिक फिटनेस का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के नेतृत्व में किया गया।

कूडो प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा ने बताया कि शिविर के दौरान खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, अनुशासन, आत्मरक्षा एवं मानसिक सुदृढ़ता का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी भविष्य में उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

समापन समारोह में विधायक श्री दिनेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कूडो प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों को नियमित व्यायाम, अनुशासन और खेलों के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों ने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।